# आध्यात्मिक श्रावस्ती अब आत्मनिर्भरता की राह पर

**श्रावस्ती, 25 मई, (तरुणमित्र)**। जिला प्रशासन, द्वारा कटरा श्रावस्ती के निजी होटल में तेजस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनपद के युवाओं, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों एवं इच्छुक उद्यमियों को उद्यमिता, नवाचार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दद्दन मिश्रा, अध्यक्ष जिला पंचायत, राम फेरन पाण्डेय विधायक श्रावस्ती, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आपदा विशेषज्ञ



अरुण मिश्रा, पीडी डीआरडीए, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, प्रगतिशील किसान, ठफ्छट समूहों की महिलाएं, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, उद्यमी एवं बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विभिन्न योजनाओं, स्टार्टअप अवसरों एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में भारत सरकार एवं विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञों द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं।

स्टार्टअप इकोसिस्टम, सरकारी योजनाओं, नवाचार, वित्तीय सहायता, विपणन एवं उद्यम स्थापना से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने कहा कि श्रावस्ती के युवाओं में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उन्हें सही दिशा, प्रशिक्षण एवं अवसर प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि ळएखअर जैसी पहलें ग्रामीण एवं आकांक्षात्मक क्षेत्रों के युवाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी तथा जनपद में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को नई गति प्रदान करेंगी। वहीं विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे सरकारी योजनाओं एवं स्टार्टअप अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं तथा रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार सृजन की दिशा में भी आगे बढ़ें।